भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.1448
12 दिसम्बर, 2023 को उत्तर देने के लिए

मेगा फूड पार्क

1448. श्री सुशील कुमार रिंकू:
श्री रामदास तडस:
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का देश भर में मेगा फूड पार्क स्थापित करने का विचार है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और ऐसे कितने मेगा फूड पार्क स्थापित किए जाने वाले है;

(ग) क्या पंजाब राज्य और महाराष्ट्र के विदर्भ क्षेत्र में ऐसे कोई फूड पार्क स्थापित किए जा रहे है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और किन क्षेत्रों में इन्हें स्थापित किया जा रहा है और इस संबंध में अब तक कितनी प्रगति हुई है और उक्त मेगा फूड पार्क पूरी तरह से कब से चालू होने की संभावना है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
(श्री पशुपति कुमार पारस)

(क) से (घ): खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के तहत एक घटक योजना मेगा फूड पार्क स्कीम (एमएफपीएस) का कार्यान्वयन कर रहा है ताकि खेत से बाजार तक मूल्य श्रृंखला के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र के लिए आधुनिक अवसंरचना का सृजन किया जा सके । यह योजना वर्ष 2008 से दिनांक 31.03.2021 तक प्रचालनरत थी और इसके बाद केवल प्रतिबद्ध देयता के प्रावधान के साथ बंद कर दी गई थी। इसे ध्यान में रखते हुए आगे कोई मेगा फूड पार्क स्थापित करने का प्रस्ताव नहीं है।

इस योजना के तहत, मंत्रालय ने देश भर में 41 मेगा फूड पार्क (एमएफपी) परियोजनाओं को अनुमोदन दिया है। इन 41 एमएफपी में से, 24 परियोजनाएं प्रचालनरत हैं और शेष 17 परियोजनाएं कार्यान्वयनाधीन हैं। इन एमएफपी परियोजनाओं में से पंजाब और महाराष्ट्र राज्यों में प्रत्येक में 3 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं। पंजाब और महाराष्ट्र की एमएफपी परियोजनाओं के कार्यान्वयन की स्थिति सहित उनका ब्यौरा अनुबंध में दिया गया है।

*****

मेगा फूड पार्क के संबंध में दिनांक 12.12.2023 को लोकसभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या 1448 के भाग (क) और (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

क्र.स.	एसपीवी/आईए का नाम	राज्य/संघ-राज्य क्षेत्र	जिला का नाम	अंतिम अनमोदन की तिथि	कुल परियोजना लागत (करोड़ रुपए)	अनुमोदित अनुदान राशि (करोड़ रुपए)	जारी अनुदान राशि (करोड़ रुपए में)	स्थिति
1.	सतारा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र	सतारा	6-अगस्त-2014	139.33	50.00	45.00	प्रचालनरत
2.	पैथन मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र	औरंगाबाद	8-मार्च-2013	124.52	48.82	43.94	प्रचालनरत
3.	वर्धा मेगा फूड पार्क प्राइवेट लिमिटेड	महाराष्ट्र	वर्धा	13-जनवरी-2016	92.36	50.00	15.00	कार्यान्वयनाधीन
4.	इंटरनेशनल मेगा फूड पार्क लिमिटेड	पंजाब	फाजिल्का	25-मई-2011	130.38	50.00	45.00	प्रचालनरत
5.	सुखजीत मेगा फूड पार्क एंड इंफ्रा लिमिटेड	पंजाब	कपूरथला	6-नवंबर-2015	107.83	48.7	38.76	प्रचालनरत
6.	पंजाब एग्रो इंडस्ट्रीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएआईसी)	पंजाब	लुधियाना	27-नवंबर-2015	117.61	37.73	37.62	कार्यान्वयनाधीन
	कुल				**712.03**	**285.25**	**225.32**	